6-JAN-AMBIKAPUR -pg-1-JACKET_Layout 1 1/6/2024 8:56 PM Page 1

हरिभूमि
# सरगुजा-भूमि
बिलासपुर, रविवार, 7 जनवरी 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 7 जनवरी 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल विस्तार की जगी उम्मीदें



## खबर संक्षेप

### अन्नपूर्णा का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए



**अम्बिकापुर।** 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ और राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट अन्नपूर्णा गुर्जर का चयन गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली के लिए किया गया है। इसके पूर्व भी गर्ल्स विंग की कैडेट का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए किया गया था परंतु पहली बार किसी गर्ल्स कैडेट का चयन कर्तव्य पथ दिल्ली में परेड करने के लिए किया गया है। अन्नपूर्णा गुर्जर की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ.रिजवान उल्ला एवं महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

**अम्बिकापुर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर 6 जनवरी शनिवार को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया गया है। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति प्राप्त करने का कार्य 22 जनवरी तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 1 जनवरी की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाता फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए फार्म-7 भरे जायेंगे तथा फोटो परिचय पत्र में त्रुटि सुधार, डुप्लीकेट परिचय पत्र, एक स्थान से दूसरे स्थान पर नाम स्थानांतरित करने के लिए फार्म-8 भरे जायेंगे। इस प्रकार मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्र में दावा आपत्ति 22 जनवरी तक मतदान केन्द्र में नियुक्त अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ द्वारा स्वीकार किये जायेंगे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं त्रुटि सुधार हेतु फार्म-6, 7 एवं 8 ऑनलाईन मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर अथवा वेबसाइट से लॉग-इन कर भरा जा सकता है।

### शुल्क वृद्धि के विरोध में फूंका सीएसवीटीयू कुलपति का पुतला

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सीएसवीटी विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क 800 रूपए से बढ़ाकर 1376 रूपए करने पर विरोध प्रदर्शन किया शासकीय पॉलीटेक्निक के सामने कुलपति का पुतला फूंका। पदाधिकारियों ने बताया कि विश्वविद्यालय के 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी मध्यम वर्गीय परिवार के हैं ऐसे में परीक्षा फीस में 500 रूपए की बढ़ोत्तरी न्याय संगत नहीं है। छात्रों को परीक्षा शुल्क जमा करने में भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए कम समय निर्धारित किया गया है और निर्धारित समय के बाद लेट फीस के नाम से अलग वसूली की जाती है। कई होनहार विद्यार्थियों को एक विषय में 0 अंक मिले हैं जबकि शेष विषयों में उन्होंने 90 फिसदी अंक हासिल किया है। ऐसा पहली बार नही हुआ है। पदाधिकारियों ने परीक्षा शुल्क वृद्धि को वापस लेने एवं शून्य अंक पाने वाले विद्यार्थियों की कॉपी का पुनर्मुल्यांकन करने की मांग की। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री दीपक गुप्ता, जिला संयोजक उज्जवल तिवारी, नगर सह मंत्री रोहन मंडल, सौदंर्य सिंह थापा, नगर तकनीकी प्रमुख सृजन सिन्हा, अविनाश मण्डल, सतेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जारी की गई जीएफसी स्टार रेटिंग

# शहर की जर्जर सड़कों व अनदेखी के कारण निगम पहुंचा 5 से 3 स्टार शहर की श्रेणी पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

देश में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत जीएफसी व ओडीएफ के परिणाम आ गए है। अब तक देश में अपनी बादशाहत कायम रखने वाला ननि इस बार दबदबा बनाए रखने में सफल नही हो सका है। भारत सरकार द्वारा जारी किए गए गार्बेज फ्री सिटी के रैंकिंग लिस्ट में नगर निगम दो पायदान नीचे आ गया है। ननि अपने पांच स्टार सेटिंग से घरकर 3 स्टार रेटिंग पर आ गया है। जबकि ओडीएफ प्लस प्लस में ननि की रैंकिंग बनी हुई है। स्टार रेटिंग कम होने के पीछे की मुख्य वजह अधोसंरचना विकास में आई कमी को माना जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान जर्जर सडकें, नालियों की दुर्दशा के कारण रेटिंग में कमी आई है। यही हाल संभाग के अन्य निकायों के भी है और कई 3 स्टार से कई निकाय 1 स्टार पर पहुंच गए है। बता दें कि भारत सरकार द्वारा देशभर में स्वच्छता सर्वेक्षण कराया जा रहा था। स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत भारत सरकार की ओर से क्यूसीआई की टीम ने समय समय पर आकर शहर के एसएलआरएम मॉडल, शौचालयों के साथ ही शहर के साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सर्वेक्षण के बाद फिलहाल स्वच्छता सर्वेक्षण का परिणाम पूर्ण रूप से जारी नही किया गया है लेकिन गार्बेज फ्री सिटी की रेटिंग जारी कर दी गई है। जारी की गई जीएफसी की स्टार रेटिंग में नगर निगम अम्बिकापुर का स्तर नीचे पहुंच गया है। नगर निगम के पास विगत तीन बार से 5 स्टार रेटिंग का दर्जा था लेकिन इस बार ननि अपने पायदान से नीचे खिसक कर 3 स्टार रेटिंग पर पहुंच गया है। हालांकि इस बार भी ननि के पास ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा बरकरार है। इस रैंकिंग के जारी होने के बाद निगम में निराशा का माहौल है हालांकि अभी स्वच्छता सर्वेक्षण के पूर्ण परिणाम घोषित होना शेष है। परिणाम 11 जनवरी तक घोषित होने की बात कही जा रही है।

**खास बात**
- सर्वेक्षण परिणाम में अभी देरी लेकिन इसमें भी उठाना पड़ेगा नुकसान




### खराब सड़कें, ब्यूटीफिकेशन में कमी बनी मुख्य वजह

स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम की रेटिंग में दो स्टार की गिरावट का मतलब है कि लगभग 800 नम्बर कम हो गए है। इन नम्बरों में आई कमी के कारण देश में स्वच्छता रैंकिंग में भी गिरावट आने की संभावना जताई जा रही है। परिणाम निराशाजनक होने के कारणों में से सबसे बड़ी वजह अधोसंरचना के कार्य नही होना है। शहर में ज्यादातर वार्डों की सड़कें जर्जर हो गई है। इसके साथ ही नाली की हालत भी दयनीय है। शहर में कहीं भी सड़को पर मार्किंग, साइन एज बोर्ड व अन्य सौंदर्यीकरण के काम नही हुए जबकि 5 स्टार रेटिंग के लिए यही चीजें अहम होती है। शहर में पेवर ब्लॉक वाले फुटपाथ का काम नही हुआ जबकि लगभग 2 वर्षों पूर्व तक शहर की सडकें अच्छी थी और रिंग रोड भी बनकर तैयार हुआ था जिससे शहर को सर्वेक्षण के फायदा मिला था लेकिन वर्तमान में स्थिति दयनीय ही नजर आई।

### सर्वेक्षण के दौरान निगमकर्मी लगे दूसरे कार्यों में

स्वच्छता सर्वेक्षण करना एक चुनौती भरा काम है। इस काम के लिए निगम टीम की पूरी ताकत लगती है लेकिन इस बार इस टीम की कमी नजर आई। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीम अलग अलग समय पर पहुंची। ज्यादातर सर्वेक्षण के काम चुनाव के अगले दिन से ही हुआ। इसके पूर्व स्टार रेटिंग की टीम जब सरगुजा आई तो अमला चुनाव के लिए बूथों के मैनेजमेंट में लगा था। सर्वेक्षण के दौरान निगम का पूरा अमला चुनाव व अन्य कार्यों में प्रशासन के पीछे ही घूमता रह गया और शहर के सड़कों, नालियों की सफाई जैसे कार्य प्रभावित हुए। इसे भी एक अहम वजह माना जा रहा है।

### दीदियों के कारण बची 3 स्टार की रेटिंग

स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम को 3 स्टार रेटिंग मिलने का मतलब यह है कि ननि को शहर के सामुदायिक शौचालय, डोर टू डोर कचरा प्रबंधन, एफएसटीपी, सीएनडी वेस्ट मैनेजमेंट, गीले कचरे के कंपोस्ट बनाने जैसे कार्यों में अच्छे अंक मिले है। यदि इन क्षेत्रों में भी काम में कमी आई होती तो रैंकिंग 3 से भी नीचे 1 पर पहुंच जाती। ननि को 3 स्टार रैंकिंग में बचाए रखने में स्वच्छता दीदियों और एसएलआरएम मॉडल का अहम योगदान है जिसने पूरे देश में शहर को पहचान दिलाई लेकिन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की लापरवाही व इच्छा शक्ति में कमी के कारण इस बार ननि को नुकसान उठाना पड़ा है।

### अब तक का सफर

नगर निगम ने एसएलआरएम मॉडल को शुरू किया और अब यह पूरे देश में लागू किया जाता है लेकिन इस बार निगम को ही मायूसी का सामना करना पड़ा है। निगम के पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो नगर निगम स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में 15वें स्थान पर था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम, बेस्ट प्रैक्टिस इनोवेशन में देश में अव्वल एवं पूरे देश में 11वें स्थान पर था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में दो लाख की जनसंख्या में देश में प्रथम एवं पूरे देश में 2रे स्थान में था वहीं इसे 5 स्टार रेटिंग से पुरस्कृत किया गया था। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में 1 लाख से 10 लाख के जनसंख्या के शहरो में अंबिकापुर अव्वल रहा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में 1 से 3 लाख में प्रथम एवं देश में पांचवा तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में 1 से 3 लाख में द्वितीय एवं देश में पांचवां स्थान हासिल किया था।

### फिर से हासिल करेंगे सम्मान

विकास कार्यों के लिए लगातार प्रस्ताव बनाकर भेजे गए। अंतिम समय में सड़कों व अन्य विकास कार्यों की स्वीकृति मिली। काम शुरू होने के साथ ही सर्वेक्षण के कार्य शुरू हो गया और इसका नुकसान हमें उठाना पड़ा। निर्माण कार्य चल रहे है और इस बार हम पूरी ताकत से तैयारी कर अपनी रैंकिंग व सम्मान हासिल करेंगे। इस अभियान में जनता का सहयोग लिया जाएगा।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर ननि

# दो करोड़ के कोल स्टॉक शॉर्टेज मामले में सीबीआई टीम जांच के लिए पहुंची बिश्रामपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर भूमिगत खदान में डेढ़ वर्ष पूर्व सतर्कता विभाग के औचक जांच में सामने आए 2700 टन कोयला शार्टेज मामले में सीबीआई की टीम शनिवार को जांच के लिए रेहर खदान पहुँची है।सीबीआई की टीम प्रातः सबसे पहले क्षेत्रीय मुख्यालय पहुंची और फिर यहाँ सर्वे विभाग की टीम को लेकर सीधे खदान पहुंचकर जांच शुरू की है।बता दें कि जुलाई 2022 में एक गोपनीय शिकायत के आधार पर एसईसीएल बिलासपुर की सतर्कता टीम ने रेहर खदान में छापामारी कर कोयला स्टॉक सहित खदान के कागजातों की जांच की थी,जांच में खदान के कोल स्टॉक से दो हजार सात सौ टन कोयला कम पाया था जिसकी कीमत दो करोड़ रु से अधिक आंकी गई थी।तीन दिनों तक कई चरणों मे जांच व नापजोंख में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद टीम ने खदान के काँटाघर सहित मैनेजर के दफ्तर के कागजातों की बारीकी से पड़ताल की थी और कुछ दस्तावेजों को जप्त कर अपने साथ ले गई थी।बाद में सतर्कता विभाग की टीम ने दो बार इसी मामले में जांच के लिए बिश्रामपुर पहुंची थी और रिपोर्ट बना कर मुख्य सतर्कता अधिकारी को सौंप दिया था ,लेकिन अब तक सतर्कता विभाग ने जांच के नाम पर मामले को लटकाए रखा ।अब सीबीआई मामले की अलग से जांच करेगी, इसके लिए पहुंच कर मामले की जांच आरंभ कर दी है।सीबीआई की टीम के यहां पहुंचने के बाद क्षेत्रीय अधिकारियों में खलबली मच गई है।

### जांच के नाम पर केवल अधिकारियों को हटाने का काम हुआ

बता दें कि दो करोड़ के कोयला घोटाला मामले में प्रबंधन ने खदान के मैनेजर फिरोज अंसारी,सहित एरिया सर्वे ऑफिसर श्रीजीब बनर्जी,एस ओ माइनिंग एम के चौधरी सहित खदान के सर्वेयर का तबादला दूसरे क्षेत्रों में कर दिया था।इसमें तत्कालीन सब एरिया मैनेजर बी के चौधरी कोयला शार्टेज का खुलासा होने से ठीक पहले 30 जून 2022 को रिटायर कर गए थे जिसके बाद मामला सामने आते ही तत्कालीन प्रबंधन ने उनकी रिटायरमेंट की राशि, ग्रेच्युटी व पीएफ सहित अन्य करीब पचास लाख से अधिक के भुगतान को रोक दिया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## सड़क दुर्घटना में कालरी कर्मी गंभीर रूप से घायल, सिर में चोट लगने के कारण अंबिकापुर में किया गया भर्ती



**बिश्रामपुर।** अलग अलग सड़क दुर्घटना में एक कालरी कर्मी को गंभीर चोट आने पर जीवन ज्योति अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को शिवनंदनपुर निवासी बलरामपुर खदान में कार्यरत कालरी कर्मी विजय कुमार साहू जो कि लटोरी से वापस अपनी होंडा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 29 एडी 1897 में घर लौट रहे थे तभी ग्राम पंचायत महेशपुर बाजार चौक के पास विपरीत दिशा से आ रहे बिना नंबर की होंडा मोटरसाइकिल के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कालरी कर्मी के बाइक को जबरदस्त टक्कर दी, जिससे कालरी कर्मी को सिर में गंभीर चोट आने पर जीवन ज्योति अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी एक अन्य घटना में मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीएम 2530 का चालक अनियंत्रित होकर सोनवाही जंगल में सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

# लापरवाही पर तत्कालीन ईई पर 11 लाख का अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मनरेगा लोकपाल बलरामपुर ने जल संसाधन विभाग रामानुजगंज संभाग-2 के दो प्रकरणों में 3 लाख एवं 8 लाख कुल 11 लाख का अर्थदण्ड वसूलने का आदेश जारी किया है। अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी ने मनरेगा लोकपाल बलरामपुर के पास दो आवेदन किया था जिसमे रामचंद्रपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत चाकी एवं ग्राम पंचायत बेलकुरता, सुंदरपुर, धौली, बाहरचुरा में स्टांप, डेम कजवे और नहर पक्कीकरण के लिए 12 लाख की शासकीय स्वीकृति जिपं सरगुजा द्वारा 2007-08 एवं 2008-09 में की गई थी। कार्य 6 माह में पूर्ण करना था। नियमों का पालन नहीं करने पर इसकी शिकायत लोकपाल से की गई थी। पूर्व लोकपाल द्वारा आवेदन निरस्त करने पर डी.के.सोनी ने मामले में लोकपाल अपीलीय प्राधिकरण रायपुर के समक्ष अपील किया था। अपीलीय अधिकारी ने अपील स्वीकार करते हुए शिकायत की जांच कर आदेश देने का निर्णय दिया था। निर्णय पर मनरेगा लोकपाल ने दोनों शिकायतों की जांच की जिमसें भारी अनियमितता पाई गई। लोकपाल ने लापरवाही का दोषी पाने पर तत्कालीन कार्यपालन अभियंता जल संसाधन सम्भाग क्र.2 रामानुजगंज को 3 लाख और 8 लाख का अर्थदण्ड वसूलने की अनुशंसा की साथ ही तत्कालीन अधिकारी से उपरोक्त राशि एक माह के भीतर जमा नहीं करने पर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही करने की भी अनुशंसा की है। उन्होंने निर्णय की प्रति प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, आयुक्त मनरेगा एवं कलेक्टर बलरामपुर जिपं सीईओ बलरामपुर को प्रेषित किया है।

# पति ही निकला मितानिन का हत्यारा, जांच में हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

मितानिन के हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। महिला की हत्या का आरोपी कोई और नहीं बल्कि उसका पति ही निकला। घरेलू विवाद, अक्सर घूमते रहने व खाना बनान कर नही देने को लेकर आक्रोश में उसकी टांगी से हत्या कर दी। इधर आरोपी पुलिस को पहले तो गुमराह करता रहा लेकिन पुलिस की कड़ाई के बाद उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, गया जेल

ग्राम सेवारी अंतर्गत ग्राम बसिया टोंगरी निवासी 55 वर्षीया अनिता केरकेट्टा पति विलियम केरकेट्टा की 4 जनवरी को घर के अंदर खून से सनी लाश मिली थी। इस बात की जानकारी पुलिस को महिला के पति व पेशे से राजमिस्त्री विलियम केरकेट्टा ने दी थी। ग्रामीण ने पुलिस को बताया था कि वह 2 जनवरी को काम पर निकला था और रात को जब वह घर आया तो घर का दरवाजा बाहर से बंद था। ऐसे में वह अपनी बेटी के घर चला गया था। अगले दिन भी जब वह वापस लौटा तो दरवाजा बाहर से ही बन्द तब और जब वह शंका के आधार पर घर के दरवाजे को धक्का दिया तो इस मामले का पता चल सका। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर, एसडीओपी इमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने शंका के आधार पर मृतिका के पति से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पत्नी अनिता केरकेट्टा से आए दिन विवाद होता रहता था। पत्नी काम के नाम पर घर से निकल जाती थी और खाना नहीं बनाती थी। 31 दिसम्बर को भी पत्नी अनिता केरकेट्टा बिना बताए ही अपनी सहेली से मिलने चली गई थी व पति के बुलाने पर भी घर वापस नहीं आई, जिससे गुस्सा होकर आरोपी भी ⏭ शेष पेज 4 पर

# विक्षोभ के प्रभाव से हुई बूंदाबांदी, दिन के पारा में हुई 6 डिग्री की गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही बूंदाबांदी हुई। मौसम अधिकारी आगामी 24 घंटे तक विक्षोभ के प्रभाव से गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने एवं 48 घंटे बाद विक्षोभ के कमजोर पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- गरज-चमक के साथ हलकी वर्षा होने की संभावना

विक्षोभ के प्रभाव से पिछले दो दिनों से आसमान पर बादलों की आवाजाही चल रही थी। आधी रात में बादलों का घनत्व बढ़ गया जिससे कंबल रजाई असहज लगने लगा। तड़के सुबह 4 बजे एवं 6 बजे तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई वहीं दोपहर 1.30 बजे हल्की वर्षा हुई। पूरे दिन आसमान पर घने बादल छाए रहने के कारण आज सूर्यदेव का दर्शन नही हो सका। मौसम में आए बदलाव से दिन के तापमान में 6.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो शनिवार को गिरकर 21.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। इसके विपरीत न्यूनतम तापमान में 1.0 डिग्री की वृद्धि हुई है तथा तापमान बढ़कर 14.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मौसम विज्ञानी आगामी 24 घंटे तक विक्षोभ के प्रभाव से गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने एवं 48 घंटे बाद विक्षोभ के कमजोर पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम अधिकारी एसके मंडल ने बताया कि विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही उत्तर की बर्फीली हवाओं का प्रवाह आना प्रारम्भ हो जाएगा तथा दिन एवं रात के तापमान में तेज गिरावट होगी। इस दौरान तापमान में गिरावट होने के कारण शीत दिवस जैसी स्थिति निर्मित होने की संभावना है।

## कल्याणपुर के रास्ते प्रतापपुर जाने की संभावना, वन अमले ने ली राहत की सांस

# लंबी भाग-दौड़ के बाद 33 हाथियों का दल पहुंचा सकालो


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले तीन दिनों से एसजीजीयू के भकुरा परिसर की पहाड़ियों पर आराम फरमा रहा 33 हाथियों का दल अब सीमावर्ती ग्राम पंचायत सकालों में पहुंच गया है। वन अधिकारी हाथियों के कल्याणपुर जंगल की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे है। ग्रामीणों द्वारा लगातार रास्ता बाधित करने के कारण शहर के निकट गंझाडांड एवं लालमाटी जंगल में एक सप्ताह तक भूखे-प्यासे भटकने के बाद 33 हाथियों का दल अब अपने पारंपरिक मार्ग की ओर अग्रसर हो रहा है। वन अधिकारियों की सख्ती के बाद ग्रामीणों के शांत होने पर हाथियों का दल तीन दिन पहले ग्राम पंचायत भकुरा की पहाड़ियों पर पहुंचा था। थके होने के कारण हाथियों ने आसपास के खेतों में लगी सब्जियों एवं अरहर की फसल से अपनी भूख मिटाई तथा तीन दिनों तक पहाड़ी पर आराम किया। क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी हाथियों के लिए कोई समस्या पैदा नहीं की। जिस तरह से हाथी निर्भिक होकर पहाड़ी पर भ्रमण कर रहे थे, वन अधिकारी हाथियों के कुछ समय तक यहीं रूकने की संभावना व्यक्त कर रहे थे। शुक्रवार को शाम ढलने के बाद हाथी पहाड़ी क्षेत्र से बाहर निकलने लगे। रात्रि 10 बजे हाथियों का दल पहाड़ी क्षेत्र के बाहर निकलकर भकुरा बांध के रास्ते कंचनपुर की ओर बढ़ने लगा खेतों के रास्ते मध्य रात्रि के बाद ग्राम पंचायत सकालों पहुंचा। सकालों पहुंचने के बाद हाथियों ने गन्ने के फसल से अपनी भूख मिटाई तथा पूरे दिन गन्ना के खेत में आराम फरमाते रहे। गन्ने के खेत में आराम ⏭ शेष पेज 4 पर



अपने पारंपरिक मार्ग की ओर जाते हाथी।

### हाथियों ने रौंद दी किसान के गन्ना की फसल



**उदयपुर।** वन परिक्षेत्र उदयपुर के कर्म कट्ठरा जंगल में 15 दिनों से सक्रिय 9 हाथियों से पूरा इलाका सहम गया है। शाम ढलते ही हाथी आसपास के गांवों में पहुंच जाते है तथा फसल व घरों को नुकसान पहुंचाते हैं। वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी करने में सफल नहीं हो पा रहा है। बीती रात हाथियों का दल पूरे जंगल में फैल गया जिससे आसपास के गांवों में दहशत फैल गया। ग्राम मोहनपुर, उदयपुर, जजगी एवं झिरमिटी के लोग भयभित हो गए। रात्रि 12 बजे हाथियों का दल एकजुट होकर जजगी के बिगान दास के खेत में आलू और गन्ने की फसल को खाए और पूरी रात रौंदते रहे। बिगन दास को एक लाख का नुकसान हुआ है। किसान का कहना है कि उसने सेंट्रल बैंक से कर्ज लेकर खेती किया था। बरसात में हाथियों ने चार एकड़ धान की फसल रौंद दी थी जिसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। किसान हाथियों द्वारा की गई फसल क्षति के मुआवजा को लेकर चिंतित है।

